भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

मौखिक प्रश्न सं. *278

जिसका उत्तर 16.12.2021 को दिया जाना है

कर्नाटक में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं

***278.** श्री जी. एम. सिद्धेश्वर:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) कर्नाटक राज्य में गत तीन वर्षों के दौरान निर्माण हेतु मंजूर किए गए नए राष्ट्रीय राजमार्गों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार को उक्त अवधि के दौरान नए राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण हेतु राज्य सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(ग) यदि हां, तो उस पर क्या कार्रवाई की गई है; और

(घ) कर्नाटक में राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास और निर्माण हेतु उक्त अवधि के दौरान वर्ष-वार कितनी धनराशि आबंटित, जारी की गई है और उपयोग में लाई गई है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ)   एक विवरण सभा पटल पर रखा जाता है।

'कर्नाटक में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं' के संबंध में श्री जी. एम. सिद्धेश्वर द्वारा पूछे गए दिनांक 16.12.2021 के लोक सभा मौखिक प्रश्न सं. *278 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) से (घ): सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय को कर्नाटक सरकार से पिछले 3 वर्षों के दौरान नए राष्ट्रीय राजमार्गों की घोषणा के लिए 6 प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। इनमें से मंत्रालय ने 3 सड़कों नामत: एनएच-766ई, एनएच-766ईई और एनई7 को नए राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) घोषित किया है। मंत्रालय ने इन नए घोषित राष्ट्रीय राजमार्गों अर्थात एनएच-766ई, एनएच-766ईई और एनई7 में 5 परियोजनाओं का कार्य भारतमाला परियोजना एवं पत्तन संपर्कता योजना के तहत शुरू किया है। उक्त अवधि के दौरान कर्नाटक राज्य में राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास/निर्माण के लिए आवंटित और उपयोग की गई निधियों का वर्ष-वार विवरण नीचे दिया गया है:-

करोड़ रुपये में

वर्ष	आवंटन	व्यय
2018-19	5340.67	5340.67
2019-20	9340.20	9340.20
2020-21	5797.05	5797.05

****